बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 6-01/2017 खण्ड-1 226 /पटना, दिनांक 14/03/2018

प्रेषक,

कुमार शांत रक्षित,
प्रतिनियुक्त पदाधिकारी।

सेवा में,

अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी
(प्रबंधक कमिटि तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब का निर्वाचन)

विषय : **प्रबंधक कमिटि, तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब का निर्वाचनः 2018 हेतु मतदान केन्द्रों का निर्धारण।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि उक्त निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्रों की सूची जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर प्राधिकार के अनुमोदनार्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था कृपया सुनिश्चित की जाय। हलका न0 1, 2, एवं 3 के लिए उसी हलके के क्षेत्राधिकार में किसी सरकारी भवन में मतदान केन्द्र का निर्धारण किया जाय तथा उतरी बिहार एवं दक्षिणी बिहार के सिंघ सभा एवं सिख सोसाईटी के लिए एक ही सरकारी परिसर में मतदान केन्द्र निर्धारित किया जाय।

निर्वाचन क्षेत्रों की हलकावार विवरणी निम्न प्रकार हैः-

(i) हलका/ निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1 (पटना सिटी- गुरूगोबिंद सिंह पथ से पूर्व से नगर निगम सीमा के पूर्वी क्षेत्र तक

(ii) हलका/निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 (गुरू गोविन्द सिंह पथ से पश्चित गार्डिनर रोड के पूरब तक बोरिंग रोड कॉलोनी सहित)

(iii) हलका/निर्वाचन क्षेत्र संख्या-3 (दानापुर, खगौल, चितकोहरा, नूतन राजधानी क्षेत्र एवं पटना जिला के शेष भाग)

(iv) उत्तर बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

(v) दक्षिण बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

विश्वासभाजन

14/3/18

(कुमार शांत रक्षित)
प्रतिनियुक्त पदाधिकारी

ज्ञापांकः 226 /पटना, दिनांक 14/03/2018

प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (प्रबंधक कमिटि तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब का निर्वाचन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/3/18

प्रतिनियुक्त पदाधिकारी

BSEA Hall dt. 13.03.2018_Rajesh